Government is continuing to use its power under Section 43(A) (2) of Electricity (Supply) Act, 1948 in fixation of tariff.

Control on Prices of Synthetic Yarn

*110. SHRI SURYABHAN PATIL VAHADANE: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether government have received a communication from the Maharashtra Government requesting to exercise control over prices of synthetic (artificial) yarn;

(b) if so, the action taken by government; and

(c) if no action has been taken, the reasons therefor?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI KASHIRAM RANA): (a) As per available information, no such communication has been received.

(b) and (c) Do not arise.

कोयले के उत्पादन में गिरावट

*111. **प्रो.रामबख्श सिंह वर्मा**:

श्रीमती मालती शर्मा:

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षो में देश में कोयले का वर्ष-वार कितना-कितना उत्पादन हुआ ;

(ख) कौन-कौन से राज्यों में कोयले का उत्पादन होता हैं;

(ग) क्या यह सच है कि कोयले के उत्पादन में गिरावट आ रही हैं;और

(घ) यदि हां,तो इसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दिलीप राय): (क) वर्ष 1995-96,1996-97 और 1997-98 के दौरान देश में हुए कोयले के उत्पादन के ब्यौरे नीचे दर्शाए गए हैं:

(मिलियन टन में)

1995-96	270.18
1996-97	286.08
1997-98	297.18

(ख) कोयला उत्पादक राज्यों के नाम निम्नलिखित हैं:-

पश्चिम बंगाल,बिहार,उड़ीसा,महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश,असम और आन्ध्र प्रदेश।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न हीं नहीं उठता हैं ।

निर्णय लेने की प्रक्रिया के दौरान सशस्त्र बलों की उपेक्षा किया जाना

*112. **श्री ईश दत्त यादव**:

प्रो.रामगोपाल यादव:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रक्षा संबंधी मामलों में निर्णय लेने की प्रक्रिया में सैन्य बलों की अनदेखी होती रहीं हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि यद्यपि सेना-प्रमुखों की सलाह ली जाती है किन्तु निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी सलाह को कोई महत्व /स्थान नहीं दिया जाता हैं;और

(ग) यदि हां,तो इसके क्या कारण हैं;यदि नहीं,तो 6 जनवरी,1999 के"राष्ट्रीय सहारा" के पृष्ठ संख्या 6 पर संपादकीय में " रक्षा मंत्रालय को नए ढांचे का सवाल" शीर्षक से प्रकाशित लेख पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री जॉर्ज फर्नान्डीज): (क) जी,नहीं

(ख) जी ,नहीं ।

(ग) सशस्त्र सेनाएं रक्षा स्थापना में,विशेषत: सैन्य मामलों में,निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग हैं । सशस्त्र बलों से संबंधित सभी मामलों पर विभिन्न मंचों,विशेषकर रक्षा मंत्री की समिति की माह में एक बार होने वाली बैठक तथा रक्षा मंत्री की साप्ताहिक बैठक (जिसमें मंत्रिमंडल सचिव,प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव तथा विदेश सचिव भी आमंत्रित किए जाते हैं) में चर्चा होती है । इसके अतिरिक्त,तीनों सेनाओं के प्रमुख सामरिक नीति समूह के सदस्य हैं जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् का एक अंग हैं । इन औपचारिक मंचों के अतिरिक्त तीनों सेनाओं के प्रमुख रक्षा मंत्री से नियमित रूप से मुलाकात भी करते हैं ।